26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 9 जनवरी, 2026

अंक- 77 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## गृह मंत्रालय के सामने धरना दे रहे आठ टीएमसी सांसद हिरासत में

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक छापेमारी की कार्रवाई के विरोध में आज यहां गृह मंत्रालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर रहे तृणमूल कांग्रेस के आठ सांसदों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

इन सांसदों में डेरेक ओ ब्रायन, महुआ मोइत्रा, शताब्दी रॉय, साकेत गोखले, कीर्ति आजाद, प्रतिमा मंडल, बापी हलदर और डॉ. शर्मिला सरकार शामिल हैं इन सांसदों ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसी के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। प्रदर्शन के दौरान सांसद अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर 'अमित शाह की ईडी बनाम बंगाल की जनता' और 'चाहे जितने हमले करो, बंगाल फिर जीतेगा' जैसे नारे लिखे थे।

पुलिस ने डेरेक ओ ब्रायन और महुआ मोइत्रा को जबरन पुलिस वैन में डाला। इस दौरान डेरेक ओ ब्रायन ने मीडिया से कहा कि सांसदों के साथ जो हो रहा है, उसे सब देख रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन ईडी द्वारा अवैध कोयला खनन और धन शोधन के मामले में कोलकाता और दिल्ली में 15 स्थानों पर की गयी छापेमारी के एक दिन बाद हुआ। छापेमारी में आई-पैक नामक एक निजी कंपनी के प्रमुख प्रतीक जैन का आवास भी शामिल था। लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया कि ईडी को राजनीतिक विरोधियों पर हमले के हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है और एजेंसी उनके दस्तावेज तथा चुनावी रणनीति लूट रही है।

# लालू यादव को बड़ा झटका

## लैंड फॉर जॉब स्कैम में आरोप तय

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की एक अदालत ने आज 'लैंड फॉर जॉब स्कैम' मामले में लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश सुनाया है। रेल मंत्रालय में चतुर्थ श्रेणी में नौकरियों के बदले भूमि लेने के घोटाले में राउज एवेन्यू स्थित स्पेशल कोर्ट ने लालू यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश सुनाया। कोर्ट ने संदेह की कसौटी पर पाया कि लालू और परिवार की ओर से व्यापक साजिश रची गई थी। चार्जशीट में लालू यादव के करीबी सहयोगियों को नौकरियों के बदले जमीन अधिग्रहण में सह-साजिशकर्ता के रूप में मदद मिली। कोर्ट ने



कहा कि लालू यादव और उनके परिवार की बरी करने की मांग की दलील सही नहीं है। इसके साथ ही, इस बात के पुख्ता संकेत मिले हैं कि लालू यादव और उनके परिवार के सदस्य सरकारी पद से अलग होकर आपराधिक उद्यम के रूप में काम कर रहे थे। अदालत ने कहा कि इस मामले में सरकारी संवैधानिक अधिकारों और विवेक का दुरुपयोग हुआ है। कोर्ट ने 41 लोगों के खिलाफ आरोप तय किए। भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 13( 1 )( डी ) के साथ 13( 2 ) के तहत भी चलेगा मुकदमा। इस मामले में कोर्ट ने 52 आरोपियों को बरी करने का आदेश सुनाया। चार्जशीट के मुताबिक इनके खिलाफ पुख्ता सबूत नहीं मिले। उधर, आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, जो लोग लालू परिवार से राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ पा रहे हैं, वो लालू परिवार के खिलाफ जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## विकास की बात कर भाजपा सरकार हर दिन कुचल रही है आम लोगों की जिंदगी- राहुल

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया है कि उसके शासन में देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित हैं और विकास की बात करने वाली भाजपा की 'डबल इंजन सरकार तबाही की रफ्तार' का प्रतीक बन गयी है। श्री गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'देश भर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की



ज़िंदगी तबाह कर दी है। भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का ज़हर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है। इनके सिस्टम में गरीब, असहाय, मज़दूर और मध्यम वर्ग की ज़िंदगी सिर्फ़ आंकड़ा है और 'विकास' के नाम पर वसूली-तंत्र चल रहा है।' उन्होंने देशभर की विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन सवाल आज भी वही है, सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस 'अति महत्वपूर्ण व्यक्ति' को बचा रहा है।

## अगर प्रदर्शनकारी मारे गये तो ईरान पर बहुत जोरदार हमला करेगा अमेरिका- ट्रम्प

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बेहद सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरान में प्रदर्शनकारियों को मारा जायेगा तो इसका बहुत कड़ा जवाब दिया जायेगा। 'द ह्यू हेविट शो' को दिये एक साक्षात्कार में श्री ट्रम्प ने ईरान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों में हिंसा की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं जैसा कि वे अक्सर दंगों के दौरान करते हैं, तो उन पर बहुत जोरदार हमला करेंगे। उन्होंने कहा कि तेहरान को यह संदेश बहुत स्पष्ट शब्दों में दे दिया गया है कि अगर उन्होंने ऐसा किया तो उन्हें भारी कीमत चुकानी होगी। श्री ट्रम्प के अलावा उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया और इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका उन लोगों के साथ खड़ा है, जो शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों के लिए विरोध कर रहे हैं। श्री वेंस ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि ईरान के लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा रास्ता उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर वाशिंगटन के साथ गंभीर बातचीत करना है। सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार श्री वेंस ने कहा कि वास्तविक बातचीत करना तेहरान के लिए सबसे समझदारी भरा काम होगा।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 10 जनवरी 2026**

मेष- आशाएं फलीभूत, व्यापारिक विस्तार, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, स्थान-परिवर्तन का कार्यक्रम उपस्थित, आवागमन में अनुकूलता, जीवन साथी में सामंजस्य।

वृषभ- परिश्रम के अनुरूप सफलता, यश-मान प्रतिष्ठा में वृद्धि, आय के नवीन स्रोत, मनोरंजन में रुचि, भौतिक सुख शांति का वातावरण, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

मिथुन- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में शिथिलता, किसी योजना को लेकर चिन्तित, शत्रु सक्रिय, दाम्पत्य जीवन में तनाव, आशा के विपरीत घटनाएं घटित, प्रतिष्ठा पर आघात।

कर्क- नवयोजना साकार होने की ओर, स्वास्थ्य अनुकूल, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, सहयोगियों की गतिविधियों से प्रसन्नता, भोगविलासित की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

सिंह- साहसिक प्रयास प्रगति पर शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, यात्रा सकुशल।

कन्या- शारीरिक सुख में वृद्धि, राजनीतिक सामाजिक कृत्यों से यश की प्राप्ति, जीवन साथी से सामंजस्य, व्यावसायिक क्षेत्र में नव परिवर्तन, मनोविनोद के अवसर।

तुला- दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में असफलता की स्थिति, योजना अधूरी, प्रेम सम्बन्धों में वैमनस्यता, राजकीय पक्ष से उलझनें, यात्रा कष्टकर।

वृश्चिक- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, स्वजनों-परिजनों से अपेक्षित सहयोग, धनागम का मार्ग प्रशस्त, नवसम्पर्क उपयोगी।

धनु- व्यावसायिक उन्नति, जटिल समस्या का समाधान, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, आहार-विहार में नवीनता, यात्रा संतोषजनक।

मकर- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर, मनोवांछित सफलता, पारिवारिक सौहार्द, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, दूसरों के आश्वासनों से राहत।

कुम्भ- बहुप्रतीक्षित कार्यों में निराशा, पारिवारिक उलझनें, धनागम में बाधा, मित्रों से गलतफहमी, स्वास्थ्य में शिथिलता, दूर-समीप की यात्रा में परेशानी।

मीन- कठिनाइयों का निराकरण, बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, आर्थिक लाभ का मार्ग प्रशस्त, मांगलिक आयोजन सम्पादित, विरोधी परास्त, भौतिक सुख में वृद्धि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# सेंटर का कांटा खराब होने पर हंगामा, तौल लिपिकों ने किया प्रदर्शन

**मंडावर ( चिंगारी )।** उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के गन्ना क्रय केंद्र मंडावर ए पर गुरुवार को तौल इंचार्ज और किसान यूनियन लोकशक्ति आमने-सामने आ गए। गन्ना तौल लिपिकों ने तौल बंद कर प्रदर्शन किया और एक किसान नेता के बेटे के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और अवैध उगाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। तौल इंचार्ज नितिन कुमार निवासी ग्राम डबासोला थाना किरतपुर ने गुरुवार को थाना मंडावर में दी तहरीर में बताया कि गुरुवार सुबह क्रय केंद्र का कांटा खराब हो गया। इस दौरान अमित पुत्र राजेश व रामौतार पुत्र कश्मीर निवासी ग्राम लायकपुरी थाना मंडावर गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर क्रय केंद्र पर पहुंचे और तौल इंचार्ज से अभद्रता कर मारपीट शुरू कर दी। उधर, जानकारी पर मिल कर्मचारियों सहित पुलिस मौके पर पहुंचे, जिस पर दोनों आरोपी अपने साथियों के साथ धमकी देते हुए चले गए। घटना से तौल लिपिकों ने तौल बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। तौल इंचार्ज ने किसान यूनियन लोक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष वीर सिंह सहरावत व उनके बेटे सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। मंडावर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि क्रय केंद्र लिपिक की ओर से तहरीर आई है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं जब भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष वीर सिंह सहरावत से बात हुई तो उन्होंने बताया कि तौल कर्मी आएदिन परेशान करते हैं, जब उनसे कुछ कहा जाता है तो इसी प्रकार झूठी तहरीर आदि देते हैं। ऐसा कुछ नहीं हुआ हम किसानों की शिकायत पर केंद्र पर पहुंचे थे।




## मुस्लिम फंड ने 300 कम्बल वितरित किये




**नूरपुर ( चिंगारी )।** कड़ाके की ठंड के प्रकोप को देखते हुए कौमी इत्तेहादी मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में मुस्लिम फंड ने 300 गरीबों को कम्बलों का वितरण किया। मुस्लिम फंड सोसायटी के अध्यक्ष हाजी सईदुर्रहमान ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पालिकाध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि गत वर्षों की भांति सर्दी के मौसम में मुस्लिम फंड सोसायटी द्वारा गरीब असहाय लोगों को कम्बल वितरण कर सराहनीय कार्य किया गया है। इस अवसर पर सभासद पति मोहम्मद यूसुफ मंसूरी,भाजपा नेता डॉ. नफ़ीस गुलरेज अंसारी, व्यापारी नेता मुकुल गुप्ता, गुरविंदर सिंह गोल्डी, मौलाना इरशाद अहमद, मैनेजर मोहम्मद नासिर, मोहम्मद रिजवान, शमीम अहमद, रईस अहमद, सलीम अहमद, फरहान अय्यूब, मोहम्मद सुहैल व इस्लामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## ओमप्रकाश सैनी का था नाले में मिला शव

**नूरपुर ( चिंगारी )।** गत रविवार की सुबह चांदपुर-नूरपुर मार्ग स्थित एक अस्पताल के पास नाले में एक वृद्ध का शव मिला था। बृहस्पतिवार को मृतक की पहचान गोहावर हल्लू निवासी ओमप्रकाश सैनी पुत्र होरी सिंह के रूप में हुई है। मृतक के भाई केवल ने थाने पहुंचकर कपड़ों के आधार पर शव की पहचान अपने बड़े भाई ओमप्रकाश सैनी के रूप में करते हुए बताया कि उसका भाई मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण करीब आठ दिन पूर्व घर से लापता हो गया था। परिजन तभी से उसकी की तलाश में जुटे हुए थे। पुलिस के अनुसार शव की शिनाख्त नहीं होने के कारण शव सुरक्षित रखवाया दिया गया था।



दुर्घटना से पूर्व सीसीटीवी कैमरे में कैद ओमप्रकाश सैनी का चित्र

## युवती को ले गये दो भाई पिता ने रिपोर्ट लिखाई

**नूरपुर ( चिंगारी )। तीन दिन पूर्व गायब हुई युवती को ले जाने के आरोप में दो भाइयों समेत तीन युवकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 6 जनवरी की सुबह उसकी बेटी घर से अचानक गायब हो गई। कुछ ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उसकी बेटी को क्षेत्र के गांव हसुपुरा निवासी सूरज व विकास पुत्रगण महेन्द्र सिंह व उनका रिश्तेदार सुमित को ले जाते हुए देखा गया। पीड़ित व्यक्ति ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से अपनी बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने बताया पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।**

## पक्षियों का कलरव करता है नकारात्मक ऊर्जा का नाश - संजय शर्मा

**नगीना ( चिंगारी )।** नगर की समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा बताते हैं कि पक्षी अपने साथ सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं और घर में सुख, शांति व समृद्धि को बढ़ाते हैं। पक्षियों का चहचाना बेहद शुभ माना जाता है। उन्हें दाना-पानी खिलाने से वास्तु दोष भी दूर हो जाते हैं। इसी के साथ पक्षी पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसीलिए हमें भी उनकी रक्षा हेतु प्रतिदिन अपने घर, प्रतिष्ठानों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर उनके लिए प्रतिदिन उचित दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए और इसे अपनी आदत में शामिल अवश्य करना चाहिए। वह स्वयं प्रतिदिन प्रातः भ्रमण पर पक्षियों को दाना-पानी अवश्य खिलाते हैं, जिससे उन्हें बेहद सुखद अनुभूति होती है। उन्होंने सभी लोगों से इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर इस सुखद अहसास को महसूस करने का निवेदन किया।



बस अड्डा निर्माण की मांग को लेकर, उक्रांद ने गहरा रोष जताया धरना देकर (पेज 11)



# नशे में नाले में गिरे व्यक्ति को निकालकर घर पहुंचाया

**धामपुर (चिंगारी)।** बीती रात पुलिस और स्थानीय युवकों का एक सराहनीय और मानवीय चेहरा सामने आया है। नगीना चौक के पास नशे की हालत में नाले में गिरे एक व्यक्ति को पुलिस और कुछ युवकों ने मिलकर सुरक्षित बाहर निकाला। ठंड से बचाने के लिए उसे आग के पास तपाया और एक लड़के ने अपने कपड़े उतारकर उसे पहनाए। कपड़े पहनाकर उसको घर भेजा।

दरअसल, बीती रात नगीना चौक के पास सड़क किनारे नाले में एक व्यक्ति बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ था। एडवोकेट यावर सईद और उनके दोस्तों की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कांस्टेबल



चरण पाल और अजय पाल मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय युवाओं एडवोकेट सालिक नोमानी और एडवोकेट यावर सईद के साथ मिलकर नाले में पड़े व्यक्ति को बाहर निकाला। ठंड के कारण वह व्यक्ति बुरी तरह कांप रहा था। पहले उसे आग के पास बैठाकर शरीर गर्म कराया गया। इसके बाद सालिक एडवोकेट ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए अपने कपड़े उतारकर उस व्यक्ति को पहनाए। बचाए गए व्यक्ति ने अपना नाम मोनू बताया, जो गांव खाईखेड़ा, थाना स्योहारा का निवासी है। प्राथमिक सहायता के बाद उसे सुरक्षित उसके घर भेज दिया गया। पुलिस और युवकों के इस मानवीय प्रयास की क्षेत्र में चारों ओर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम अंकुश था, जो मैंने अब बदलकर अंकुर रख लिया है। भविष्य में मुझे अंकुर के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये। -अंकुर पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम औरंगाबाद उर्फ लालवाला परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना जिला बिजनौर

## नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Shahjahan Bano था अब मैंने अपना नाम बदलकर Shahjahan Begum रख लिया है लिहाजा मुझे इसी नाम से पुकारा व पहचाना जाए। Shahjahan begam w/o Mohammad Israr mansoori VILL Purana Kalagarh Islamnagar Bhikkawala, PS Afzalgarh TEH Dhampur

# सिपाही का शव घर पहुंचने पर परिवार में मचा कोहराम

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** दो दिन पूर्व संभल में सड़क दुर्घटना में हुई सिपाही की मौत के बाद जब उसका शव कल दोपहर घर आया तो परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम नवाबपुरा निवासी धर्मानंद का 30 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर संभल जनपद में तैनात था। गत वर्ष 2025 में ही कृष्ण कुमार की पत्नी श्रीमती पुष्पा को भी ग्राम नवाबपुरा में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकत्री के पद पर नियुक्ति हुई थी। इस नवविवाहित दंपति का फिलहाल एक डेढ़ वर्षीय अबोध पुत्र है।



मृतक सिपाही कृष्ण कुमार का फाइल फोटो।

हंसते गाते खुशहाल जीवन गुजार रहे इस दंपति को अचानक कोई बुरी नजर लगी और सिपाही कृष्ण कुमार की बुधवार की शाम एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना संभल जनपद की गुन्नौर तहसील के थाना रजपुरा क्षेत्र में गंगा-हसनपुर मार्ग पर बुधवार की शाम करीब 6:30 बजे उस समय हुई जब कांस्टेबल कृष्ण कुमार अपने साथी हेड कांस्टेबल के साथ बाइक द्वारा गश्त पर थे। गुरुवार की दोपहर कृष्ण कुमार का शव नवाबपुरा स्थित उनके घर पहुंचा तो परिजन बिलख पड़े। गुरुवार की देर शाम नम आंखों के बीच उसका अंतिम संस्कार किया गया।

Siddharth Jewellers SJ
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन
अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं





अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बीती देर शाम नांगल-चंदक मार्ग पर एक बाइक आगे जा रही भैंसा-बुग्गी से टकरा गई, जिससे गंभीर रूप से घायल बाइक चालक की कुछ देर बाद ही मृत्यु हो गई। ग्राम कामराजपुर का निवासी राकेश उर्फ बब्लू (55 वर्ष) पुत्र रामपाल सिंह कल शाम किसी रिश्तेदार को छोड़ने नांगल आया था। नांगल से जब वह वापस घर जा रहा था, तो देर शाम लगभग 7 बजे बरकातपुर चौराहे और ग्राम कामराजपुर के बीच उसकी बाइक आगे जा रही भैंसा-बुग्गी से टकरा गई। इससे राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे चंदक स्थित पीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राकेश के शव को पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भिजवा दिया था। आज दोपहर तक परिजनों ने इस सम्बन्ध में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी थी।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!



MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## ग्रीनलैंड पर भी गिद्ध दृष्टि

अमेरिका की विस्तारवादी भूख लगातार बढ़ रही है। वेनेजुएला पर हमले तथा राष्ट्रपति मादुरो व उनकी पत्नी को पकड़ कर न्यूयार्क लाने के चंद दिन के भीतर ही अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर अपना हक जता दिया, जिसे लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच टकराव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 22 दिन के भीतर ग्रीनलैंड पर कब्जे का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसका डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेट्टे फ्रेडरिकसन ने घोर विरोध करते हुए कहा है कि यदि अमेरिका ने ऐसा किया तो 'नाटो' समाप्त हो जाएगा। ग्रीनलैंड वर्तमान समय में डेनमार्क का हिस्सा है, जो नाटो का सदस्य है। दरअसल, अमेरिका खनिज संसाधनों से भरपूर व रणनीतिक भौगोलिक स्थिति वाले ग्रीनलैंड को हड़पना चाहता है। हालांकि, डेनमार्क और अमेरिका के बीच ग्रीनलैंड के मामले पर समझौता हुआ था जिसके चलते वहां अमेरिका का बहुत बड़ा सैनिक अड्डा है, लेकिन अब अमेरिका इसे पूरी तरह अपने प्रभुत्व में लाना चाहता है। कुछ महीने पहले अमेरिकी नेताओं की धमकियों के बाद डेनमार्क ने ग्रीनलैंड की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई है तथा इसके लिए कई पोत तैनात किए हैं, लेकिन ट्रंप ने उसकी इन व्यवस्थाओं का भी मजाक उड़ाया है।

दूसरे कार्यकाल में निर्वाचित होने के बाद से ही ट्रंप की विस्तारवादी नीतियां साफ-साफ सामने आई हैं और वे कई बार कनाडा को संयुक्त राज्य अमेरिका का राज्य बनाने का प्रस्ताव कर चुके हैं। कनाडा की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों ने उनके इन बयानों का घोर विरोध किया है और यह कुछ महीने पहले हुए कनाडा के चुनाव में भी मुद्दा बना था। विडंबना है कि कनाडा और डेनमार्क तथा अनेक अन्य देश अमेरिका से अच्छे वाणिज्यिक व आर्थिक संबंध चाहते हैं, पर वे अमेरिका की इस सीमा तक 'दादागीरी' स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। वेनेजुएला पर हमले के बाद अमेरिका ने कैरिबियन, क्यूबा, मैक्सिको और ब्राजील को भी धमकी दी है कि वे अमेरिका के इशारे पर चलें।

# तेल, सोना और गैस के भंडार वाला वेनेज़ुएला

# संकट में राजनीति और अर्थव्यवस्था

2025 में अमेरिका ने मादुरो के खिलाफ़ भ्रष्टाचार, ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए मानवीय और लोकतांत्रिक संकट का मुख्य कारण बताया। 3 जनवरी 2026 में उसने 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' सैन्य अभियान चलाकर राजधानी काराकस सहित कई क्षेत्रों पर बमबारी शुरु कर दी। हमले के तुरंत बाद अमेरिकी विशेष बलों ने मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को उनके घर से पकड़ लिया। दोनों को तुरंत विमान में बैठाकर न्यूयॉर्क ले जाया गया।



विभोर अग्रवाल, धामपुर

दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में स्थित लगभग 2.8 करोड़ जनसंख्या वाला और दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडारों में से एक वेनेजुएला आज संकट की स्थिति में है। सिर्फ़ तेल ही नहीं, बल्कि तेजी से आसमान छूने वाला सोना, प्राकृतिक गैस और लोहा भी प्रचुर मात्रा में समेटे हुए है।

प्रारंभ में वेनेजुएला स्पेन का अंग हुआ करता था। 1811 में स्वतंत्रता की घोषणा की। 1821 में कराबोबो की लड़ाई में स्पेन को हराकर वास्तविक स्वतंत्रता हासिल की। यह लैटिन अमेरिका का पहला देश था, जिसने स्पेन से आजादी घोषित की। आज इसमें अस्थिरता फैलाने वाला अमेरिका ही इसे सबसे पहले 1835 में मान्यता प्रदान करने वाला देश बना।

चूंकि वेनेज़ुएला एक समाजवादी लोकतंत्रात्मक देश है, जहां निजीकरण की अपेक्षा जनकल्याण की भावना अधिक थी। 1950 के दशक में जहां अमेरिका को यहां से बिना रोक-टोक तेल संसाधन मिलते रहे, अमेरिका के लिए यह अच्छा साझीदार रहा, किन्तु 21वीं सदी के दौर में ह्यूगो चावेज़ की सरकार आते ही समाजवादी नीतियों के दौर ने इस रिश्ते में खटास पैदा की। इतिहास गवाह है कि विकसित देश, विकासशील देशों का केवल दोहन करते हैं और उन्हें विकसित नहीं बनना देखना चाहते और वेनेज़ुएला इसका जीवंत उदाहरण बन गया।



फाइल

**सन् 2013 में जब निकोलस मादुरो सत्ता में आए, तब अमेरिका ने उनके चुनाव को वैध ही नहीं माना। कहते हैं कि घर की बात तब तक बाहर नहीं आती, जब तक कि घर में भूचाल न आ जाए, वही हुआ। विपक्ष ने चुनाव को चुनौती दे दी। अमेरिका जैसे छली देश के लिए यह आपदा में अवसर जैसा था। उसने धीरे-धीरे हस्तक्षेप किया। 2015 में कुछ प्रतिबंध लगाए, किंतु चालाक अमेरिका तेल खरीदता रहा।**

सन् 2018 में निकोलस मादुरो दोबारा राष्ट्रपति चुने गए। अमेरिका और मादुरो के बीच टकराव बढ़ा और विपक्षी नेता जुआन गुएदो को अंतरिम राष्ट्रपति घोषित कर दिया गया। यही वह पल था जिसने वेनेज़ुएला, अमेरिका संबंधों को शत्रुता की दिशा दे दी। जनवरी 2019 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन सहित कई यूरोपीय देशों तथा ब्राज़ील, कोलंबिया, अर्जेंटीना और पेरू जैसे लैटिन अमेरिकी देशों ने गुएदो को अंतरिम राष्ट्रपति मान्यता दी, जबकि रूस, चीन और भारत जैसे देशों ने गैर हस्तक्षेप की नीति अपनाई।

अमेरिका ने सबसे पहले वेनेज़ुएला की रीढ़ तेल निर्यात पर पूर्ण रोक लगाते हुए अपने सहयोगी देशों के माध्यम से वहां पर स्थित सभी संपत्तियां फ्रीज करवा दीं, जिससे सरकार की आय का स्रोत लगभग समाप्त हो गया और देश में आर्थिक तंगी उत्पन्न हो गई। महंगाई और रोजमर्रा की कठिनाइयों ने लाखों वेनेज़ुएला नागरिकों को पड़ोसी देशों की ओर पलायन करने पर मजबूर कर दिया। अस्पतालों में दवाइयां नहीं, स्कूलों में संसाधन नहीं, जीवन एक कठिन परीक्षा बन गया।

जैसे अमावस्या की काली रात के बाद अगली रात रोशनी जरूर होती है, वैसे ही 2021 में वेनेज़ुएला में एक किरण दिखाई दी। अमेरिकी घोषित राष्ट्रपति जुआन गुएदो की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता धीरे-धीरे घटने लगी। दूसरी ओर, मादुरो ने राज्य संस्थानों, सेना और प्रशासन पर अपनी पकड़ बनाए रखी। विपक्ष की कमजोरी और अंतराष्ट्रीय दबाव के बावजूद मादुरो की सत्ता घरेलू स्तर पर अपेक्षाकृत मज़बूत होती चली गई, मानो तूफ़ान में खड़ा एक अकेला पेड़।

किंतु अभी भी वहां की आर्थिक स्थिति नहीं सुधरी थी। सरकार ने इस संबंध में प्रयास तो किए किंतु कमजोर नींव पर बनी इमारत मजबूत नहीं बन सकती, ऐसा ही होता रहा। जनता ने 2024 में पुन: मादुरो का साथ दिया। विपक्ष द्वारा विरोध प्रदर्शन को सरकार द्वारा दबा दिया गया। मई 2025 में हुए संसदीय चुनाव में पुन: मादुरो गठबंधन को जनता का साथ अमेरिका को हजम नहीं हुआ। अमेरिका को लगता होगा कि यदि मादुरो इसी तरह जनता का प्रिय बना रहेगा तो उसका वेनेज़ुएला पर अपने अधिकार का सपना, सपना ही रह जाएगा।

**2025 में अमेरिका ने मादुरो के खिलाफ़ भ्रष्टाचार, ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए मानवीय और लोकतांत्रिक संकट का मुख्य कारण बताया। 3 जनवरी 2026 में उसने 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' सैन्य अभियान चलाकर राजधानी काराकस सहित कई क्षेत्रों पर बमबारी शुरू कर दी। हमले के तुरंत बाद अमेरिकी विशेष बलों ने मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को उनके घर से पकड़ लिया। दोनों को तुरंत विमान में बैठाकर न्यूयॉर्क ले जाया गया।**

अमेरिका का यह हस्तक्षेप मॉडल पहली बार लागू नहीं हुआ। इतिहास के पन्नों को पलटा जाए तो अनेक उदहारण सामने आ जाते हैं, जिसमें अमेरिका ने स्वहित साधने हेतु दूसरे देश को अस्थिर कर दिया। 1953 में ईरान, 1973 में चिली, 2001 में अफगानिस्तान, 2003 में इराक, 2011 में लीबिया भी इसी का शिकार हो चुके हैं, जिसमें से इराक लंबे समय तक अस्थिरता और गृह संकट में फंसा रहा और लीबिया तो आज भी इससे उभर न सका। 2019 से वेनेज़ुएला भी इसी का शिकार हो रहा है। वर्तमान स्थिति में वेनेज़ुएला अब राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। मादुरो की गिरफ्तारी और अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के नेतृत्व के बावजूद सैन्य और सामाजिक तनाव जारी है, जबकि अर्थव्यवस्था और मानवीय संकट गहरे हैं।

चूंकि वेनेज़ुएला एक संप्रभु देश है, जहां पर सरकार के गठन से लेकर देश के आंतरिक एवं बाह्य मुद्दों पर निर्णय लेने का अधिकार केवल और केवल वहां की सरकार और जनता को है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का आर्टिकल 2 भी कहता है कि किसी भी देश के विरुद्ध राजनीतिक हस्तक्षेप अथवा बल प्रयोग अवैध है, किंतु अमेरिका के लिए यह सब अंतराष्ट्रीय कानून, नियम मायने नहीं रखते, क्योंकि वह यह सब शक्ति की राजनीति से करता है, कानून की राजनीति से नहीं।

# गुलदार फिर नज़र आया जब पिंजरे में मुर्गा बांधने का ध्यान आया तब

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पशुशाला के समीप फिर से गुलदार दिखाई देने पर किसान की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पहले से लगाये गये पिंजरे में गुलदार को ललचाने के लिये मुर्गा या कुत्ता बांधने का आश्वासन दिया। गुलदार ने ढाई माह पूर्व इसी पशुशाला में हमला करके एक बछिया (गौवंश) को निवाला बना लिया था।

ग्राम नांगल सोती निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हेमेन्द्र चौधरी की पशुशाला गंगा घट्टी के समीप बस्ती से सटे खेत में बनी हुई है। पिछले वर्ष 28/29 अक्टूबर की रात्रि में गुलदार ने हमला करके पशुशाला में बंधी 6-7 माह की बछिया को मार डाला था तथा बाजरे के खेत में ले जाकर निवाला बना लिया था, तब वन विभाग ने वहां पिंजरा लगाया था। लेकिन गुलदार पिंजरे में नहीं फंसा। हेमेन्द्र चौधरी ने बताया कि गुलदार फिर से पशुशाला के पास देखा गया है, जिसे शोर मचाकर भगाया गया। हेमेन्द्र चौधरी ने इसकी सूचना राजगढ़ रेंज के रेंजर को देते हुए कहा था कि पिंजरे में गुलदार को ललचाने के लिये जब मुर्गा, बकरा या कुत्ता नहीं बांधा गया है, तो इस पिंजरे का लाभ क्या है? सूचना पर कल देर शाम रेंजर देव ऋषि सक्सेना, वन दरोगा शिवम एवं अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पिंजरे में मुर्गे बांधने का आश्वासन दिया। रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने बताया कि मामले की जानकारी डीएफओ नजीबाबाद को दे दी है। उनके निर्देशानुसार पिंजरे में मुर्गा या कुत्ता बांधा जायेगा। स्टाफ की ड्यूटी भी लगाई जायेगी। यदि गुलदार पिंजरे में नहीं फंसा, तो उसकी मॉनिटरिंग की जायेगी।

# महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने महिला बंदियों की समस्याएं सुनीं

**बिजनौर (चिंगारी)।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर महिला बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

गुरुवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह ने जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार व डीएमसी रविता राठी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। महिला बंदियों ने खानपान, स्वास्थ्य सुविधाओं और दैनिक जरूरतों से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। अवनी सिंह ने महिला बंदियों की बातों को गम्भीरता से सुना और सम्बंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महिला बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्हें शासन द्वारा निर्धारित सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध करायी जायें। राज्य महिला आयोग सदस्य ने जेल परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिये कि महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कराए जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके अलावा श्रीमती अवनी सिंह ने विकास भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनीं। उनके समक्ष करीब 20 महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# अगर शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हो पाई, बाल्मीकि समाज ठप कर देगा सफाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** ग्राम धोकलपुर निवासी दलित युवक को लात-घूसों व जूते से मारने की घटना से बाल्मीकि समाज में रोष है। गुरुवार को रॉयल वाल्मीकि आर्मी ट्रस्ट के बैनर तले बाल्मीकि समाज के लोगों ने थाने पहुंचकर आरोपी युवकों की गिरफ्तारी की मांग की। शहर कोतवाल को दिये ज्ञापन में बाल्मीकि समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो बाल्मीकि समाज के लोग जिले भर में सफाई व्यवस्था ठप कर देंगे।



उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों धोकलपुर के कमल कुमार नामक दलित युवक की तीन युवकों ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर लात-घूसों व जूते से पिटाई की थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर बाल्मीकि समाज में रोष व्याप्त हो गया। पुलिस ने बुधवार को आरोपी तीनों युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब बाल्मीकि समाज की ओर से युवकों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठी। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष एड. कुलदीप राजवंश, राहुल देसाई, विनोद कुमार, सोनू, दीपक देव, प्रेम सिंह, मिथुन, रवि कुमार राजन, अमन, राजेन्द्र, सुभाष, मुन्ना, सूरज, सोनू, दीपक, पप्पू आदि शामिल रहे।

# मण्डावर रोड पर मालन नदी के पास, बाइक के नीचे मिली युवक की लाश

**किरतपुर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र में मंडावर रोड पर मालन नदी के पास कल दोपहर एक युवक का शव बाइक के नीचे दबा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार नफीस पुत्र बरकत निवासी मौहल्ला राधगान, किरतपुर ने कल दोपहर डायल 112 नंबर पर सूचना दी कि मालन नदी के पास एक व्यक्ति बाइक के नीचे दबा हुआ पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि स्पलैंडर बाइक के नीचे दबा व्यक्ति मृत अवस्था में था। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बबलू सैनी (26 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश सैनी निवासी ग्राम किसनवास, थाना मंडावर के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया युवक की मौत सड़क दुर्घटना में आई चोटों के कारण होना प्रतीत हो रही है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसएसआई ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण पता चलेगा।



# स्योहारा में थाने के पास मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

**स्योहारा (चिंगारी)।** थाना कार्यालय से महज कुछ कदमों की दूरी पर किसान सेवा सहकारी समिति के सामने एक अज्ञात व्यक्ति के बेहोशी की हालत में पड़े मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा भिजवाया गया, वहां पर चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीएचसी पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने पुलिस को शिनाख्त कर घटना की जांच के निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।



# झलरा के पास हुई दुर्घटना में सेल्समैन की मौत

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर-किरतपुर मार्ग पर ग्राम झलरा के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक सेल्समैन की मौत हो गई। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

जिला मुजफ्फरनगर के गांव बुढ़ाना निवासी मोहसिन (35 वर्ष) पुत्र नसीम पेशे से सेल्समैन था। गुरूवार को मोहसिन काम के सिलसिले में बिजनौर से किरतपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान झलरा के पास डिवाइडर से बाइक टकरा गई, जिससे मोहसिन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मोहसिन को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मोहसिन के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। मोहसिन की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि बाइक डिवाइडर से टकराने से मोहसिन की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

# पेड़ से लटका मिला मंदबुद्धि युवक का शव

**नगीना (चिंगारी)।** लापता हुए मंदबुद्धि युवक का शव गांव से कुछ दूरी के फासले पर स्थित आम के बाग में पेड़ पर लटका मिला। बाग स्वामी जब खेतों पर टहलने गया तो किशोर का शव बाग में पेड़ पर लटका देख इसकी सूचना ग्रामीणों को और पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। ग्राम मोल्हड़वाला निवासी सुंदर शर्मा का 17 वर्षीय पुत्र भूरे बुधवार को राजेंद्र सिंह चौहान के खेतों से चारा काटकर लाया, उसके बाद वह घर से बिना बताए चला गया। परिजनों ने देर रात तक उसे इधर उधर काफी तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं लगा। मास्टर राजेंद्र सिंह चौहान जब अपने खेतों की ओर गए तो उन्होंने भूरे को बाग में एक पेड़ से लटका देखा, उसके गले में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा लगा था और चप्पल भी पेड़ पर रखी थी। घटना की सूचना पर नगीना देहात पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बताया जाता है कि मृतक मंदबुद्धि था। थाना नगीना देहात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सही स्थिति पोस्टमार्टम के बाद ही साफ हो पाएगी।

# विवेकानंद जयंती पर होंगे कई प्रोग्राम
## 12 जनवरी का दिन होगा युवाओं के नाम



**बिजनौर ( चिंगारी )।** 12 जनवरी को युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर बिजनौर में कई खास प्रोग्राम होंगे। जिनकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

### डीएवी कॉलेज में होगी युवा संगोष्ठी

वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को डीएवी इंटर कॉलेज में दोपहर 12 बजे से युवा संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। संगोष्ठी में अनेक बुद्धिजीवियों का बौद्धिक होगा।

### स्वदेशी संकल्प दौड़ होगी

स्वदेशी जागरण मंच बिजनौर द्वारा स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत 12 जनवरी को स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित की जायेगी। श्री प्रशांत महर्षि ने बताया कि यह दौड़ प्रातः 10:30 बजे नेहरू स्टेडियम बिजनौर में होगी। इस दौड़ का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी की भावना जागृत करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह मौजूद रहेंगे।

### विभूतियों को सम्मानित करेगी दिव्य भारती

विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती व दिव्य भारती सम्मान समारोह का भव्य आयोजन विकास भवन बिजनौर के सभागार में किया जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जसजीत कौर व विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह होंगे। यह जानकारी देते हुए विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी ने बताया कि विवेकानन्द दिव्य भारती गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद बिजनौर का नाम रोशन करने वाली विभूतियों को सम्मानित करेगी। इस बार यह सम्मान अमित गोयल को प्रथम विश्वविद्यालय देने हेतु, पर्व चौधरी व तुषार चौधरी को राष्ट्रमण्डल खेलों में वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतने हेतु तथा करन सिंह को ग्रामीण अंचल में प्रशिक्षण केन्द्र खोलने तथा जनपद में कई अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने हेतु दिया जायेगा।

### सांसद खेल स्पर्धा 12 व 13 जनवरी को

**12 व 13 जनवरी को नेहरू स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा आयोजित की जायेगी। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय सांसद चंदन चौहान द्वारा किया जायेगा। राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव विजय चौहान ने बताया कि खेल स्पर्धा के अंतर्गत अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। यह स्पर्धा जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।**

# तहसीलदार ने पकड़ी अवैध खनन में शामिल ट्रैक्टर-ट्राली



**धामपुर ( चिंगारी )।** घने कोहरे और शीतलहर के बीच जब नागरिक रजाई में जाकर ठंड दूर करने का प्रयास कर रहे थे, उस समय एसडीएम धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा के निर्देश पर तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह और राजस्वकर्मियों ने अवैध खनन में शामिल एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर रानी बाग पुलिस चौकी के हवाले कर दिया। ट्रैक्टर चालक फरार है। जानकारी के अनुसार तहसीलदार धनराज कुमार व राजस्व कर्मियों ने ग्राम मिल्क जहांगीराबाद में अवैध खनन करते हुए मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया जिस पर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर पर ना कोई नंबर था ना ही उसके रजिस्ट्रेशन के कागजात थे। इसके अलावा इसी टीम ने भूतपूरी तिराहे और जटपुरा चेक पोस्ट पर भी अवैध खनन की चेकिंग की। राजस्व विभाग की टीम की इस कार्यवाही से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया फिलहाल पकड़े गए ट्रैक्टर ट्राली को रानी बाग पुलिस चौकी पर खड़ा करके पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

# कैसे जायें छत पर, वहां बैठे रहते हैं बंदर



**धामपुर ( चिंगारी )।** माघ के महीने में पड़ रही भीषण ठंड के दौरान जब दिन में सूर्य देवता कुछ समय के लिए अपने दर्शन देकर लोगों को राहत प्रदान करने के लिए आते हैं, तो ऐसे में महिलाएं और बच्चे मकान की छत पर बैठकर अपने को धूप से राहत देने का प्रयास करते हैं, मगर नगर में व्याप्त बंदरों के आतंक के कारण वह ठीक से धूप में बैठ भी नहीं पाते और उनको ऐसे में ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। बंदरों के आतंक से मकान की छतों पर कपड़े भी नहीं फैल पा रहे हैं। नगर में बड़ी मंडी, मोहल्ला लोहियान बंदूकचियान, पंजाबी मार्केट आदि में बंदर झुंड बनाकर घूम रहे हैं। श्रीमती सीता देवी, गीता सैनी, विमलेश रानी, मधु अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, बीना शर्मा आदि ने नगर पालिका प्रशासन से बंदरों को पकड़वाकर जंगल में छोड़े जाने की मांग की है।

# डीएसएम में हुई बैडमिन्टन प्रतियोगिता




**धामपुर शुगर मिल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ओपन बैडमिन्टन टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक**

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में पुष्प निकेतन स्कूल, धामपुर में एक दिवसीय ओपन बैडमिन्टन प्रतियोगिता सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-30 तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सिंगल्स एवं डबल्स मुकाबले आयोजित किए गए। विभिन्न वर्गों में पुष्प निकेतन स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

अंडर-14 गर्ल्स सिंगल्स में तनीषा सिंह ने प्रथम, परी सिंह ने द्वितीय तथा एंजेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स में रिचा राजपूत प्रथम, कनिष्का विश्नोई द्वितीय और प्रियांशी रानी तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-14 बॉयज़ वर्ग में आदित्य शर्मा ने प्रथम, वंश गुर्जर ने द्वितीय तथा सूर्यांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बॉयज़ वर्ग में आदित्य शर्मा प्रथम, दैविक द्वितीय और राघव तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-30 मेंस डबल्स में यश एवं सैफी की जोड़ी ने प्रथम, प्रणव एवं दैविक ने द्वितीय तथा जेद एवं शौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुरुष युगल वर्ग में उत्कर्ष एवं जेद प्रथम, जैनुल एवं अरशद द्वितीय तथा अरशद एवं डॉ. शाहनवाज तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विद्यालय के मैनेजर एवं मुख्य अतिथि विजय कुमार गुप्ता ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य राजेश यादव, सुमित शर्मा, जयप्रकाश मिश्रा, गौरव तनेजा, भूपेंद्र राणा, रितेश बाला आदि उपस्थित रहे।

# कर्नाटक पुलिस ने दो सर्राफों को हिरासत में लिया
## कोतवाली में पूछताछ के बाद छोड़ा




वह कार जिसमें कर्नाटक पुलिस चोरों को लेकर आई थी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुवार की शाम सर्राफा बाजार बजरिया में उस समय हड़कंप मच गया, जब कर्नाटक से आई पुलिस ने चोरी के एक मामले में दो सर्राफा कारोबारियों के यहां छापा मारकर उनको हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई, जहां पूछताछ करने के बाद उनको छोड़ दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि कर्नाटक राज्य के कुल्लू उड़ी पट्टी थाने के एसएचओ विनय कुमार कल शाम कोतवाली पहुंचे और यहां आमद कराने के बाद पुलिस को लेकर फल चौक स्थित सर्राफा बाजार पहुंचे। कर्नाटक की पुलिस अपने साथ दो चोरों को लेकर धामपुर आई थी, इनकी निशानदेही पर पुलिस ने फल चौक स्थित दो सर्राफा कारोबारी को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्यवाही से सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया। एसएचओ विनय कुमार का कहना है कि कुछ समय पूर्व कर्नाटक के थाना उड़ी पट्टी में हुई चोरी के एक मामले में अमरोहा के दो चोर शामिल थे, जिन्होंने पुलिस को बताया था कि उन्होंने चोरी का माल धामपुर में बेचा है। इस पर पुलिस उनको अपने साथ लेकर धामपुर पहुंची और फल चौराहे पर दो सर्राफा कारोबारियों को पूछताछ हेतु हिरासत में ले लिया। कर्नाटक पुलिस ने पूछताछ करके उन्हें छोड़ दिया और वापस कर्नाटक चली गई।

# नेशनल स्पीड हैंडबॉल चैम्पियनशिप जारी

## दूसरे दिन हुए कई महत्वपूर्ण मुकाबले



**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्वविद्यालय में चल रही नेशनल स्पीड हैंडबॉल चैम्पियनशिप के दूसरे दिन पुरुष वर्ग में केरल ने 13-09 से वैस्ट बंगाल को पराजित किया। छत्तीसगढ़ ने पंजाब को हरा दिया। उधर हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को 2-15 से, राजस्थान ने महाराष्ट्र को 14-09 से, विवेक विश्वविद्यालय एकेडमी ने पंजाब को 31-06 से और हरियाणा ने गोपी एकेडमी को 15-12 से हराया।

महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ ने उत्तराखण्ड को 00-19 से एक तरफा मुकाबले में परास्त किया। दिल्ली ने राजस्थान को 09-24 से, हिमाचल प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को 04-12 से, हरियाणा ने गोपी एकेडमी को 01-26 से, दिल्ली ने छत्तीसगढ़ को 08-23 से हराया।

इस अवसर पर चीफ रैफरी चेयरपर्सन पंकज शर्मा, चीफ टैक्नीकल कम्युनिटि चेयरमैन रोहित सिंह, टैक्नीकल कम्युनिटि वाइस चेयरमैन प्रकाश मिश्रा, ऑग्रेनाइजिंग सेक्रेट्री विवेक गिरि, दिल्ली सचिव पुनित डबास, चीफ जज मनीष मीणा, उत्तर प्रदेश स्पीड हैंडबॉल के सचिव पप्पल गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# 17 जनवरी को किया जायेगा उपकरणों व रजाई का वितरण



**बुढ़नपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक / राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने बताया कि दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, गरीब-मजदूर आदि के लिए नि:शुल्क उपकरणों के कैम्प का आयोजन 17 जनवरी 2026 को किया जा रहा है, जिसमें नि:शुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि का वितरण किया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि संगठन द्वारा हर वर्ष जनवरी माह में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन 17 जनवरी को पार्कर पब्लिक स्कूल बुढ़नपुर में सुबह 10 बजे किया जाएगा। पाशा ने सभी दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, युवा, गरीब-मजदूरों आदि से अपील कि सभी समय से पहुंचकर नि:शुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि का लाभ उठाएं।

# चरस के साथ पकड़े गये कालू दो साल 8 माह का कारावास



**बिजनौर (चिंगारी)।** चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायालय व एनडीपीएस एक्ट के विशेष सत्र न्यायाधीश निजेंद्र कुमार ने अवैध तौर पर चरस रखने के मामले में भीम सिंह उर्फ कालू को दोष सिद्ध पाकर दो वर्ष आठ माह का कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रितेश कुमार चौहान के अनुसार कोतवाली शहर बिजनौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक गौरव कुमार ने 21 जनवरी 2019 को थाने में रिपोर्ट लिखवाई कि वह पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की तलाश में गश्त पर थे। इसी दौरान रास्ते में भीम सिंह उर्फ कालू पुत्र जोगेंद्र निवासी मोहल्ला कस्साबान थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार किया था। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 482 ग्राम चरस बरामद की। इस मामले में भीम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेंद्र कुमार ने भीम सिंह उर्फ कालू को दोष सिद्ध पाकर दो वर्ष आठ माह का कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन सत्य, धर्म, त्याग और करुणा का संदेश देता है : सुदर्शन

**नहटौर (चिंगारी)।** चामुंडा धाम पर चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन ने कहा भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का संपूर्ण जीवन सत्य, धर्म, त्याग और करुणा का जीवंत का संदेश देता है।

छठे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा व्यास राजकुमार सुदर्शन ने कहा श्रीराम भगवान द्वारा निभाए गये पुत्र धर्म, भ्रांत धर्म, मित्र धर्म, राज धर्म पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और संयम बयान रखना सच्चा धर्म है। भगवान श्रीराम ने पिता



की आज्ञा मानते हुए गुरु में विश्वामित्र के साथ जाकर तड़का जैसी असुर शक्तियों का विनाश करके संतों की रक्षा करने का काम किया। अपने विवाह के दौरान उन्होंने अपने भ्राता लक्ष्मण को जनकपुरी ब्रह्मण के दौरान मर्यादा का संदेश दिया। मनुष्य को अपना जीवन सार्थक बनाने के लिए श्रीराम चरित्र से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सार्थक बनाने में पूर्ण सहभागिता करें। भजन और कीर्तन से कथा का माहौल भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर यजमान अशोक चंद्रा, राकेश अग्रवाल, डॉक्टर शशांक गौतम, वैभव गोयल, राहुल चौधरी, विनीत गोयल, सिद्धांत जैन, महावीर सैनी, राकेश सैनी, महेंद्र सैनी, अनिल सैनी, प्रभात सैनी, लकी चंद्रा, रवि चंद्रा आदि महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# अली डे के उपलक्ष्य में मुशायरा व कवि सम्मेलन आज रात

**बिजनौर (चिंगारी)।** आज 9 जनवरी अली डे के उपलक्ष्य में उर्दू लिटरेरी एवं कल्चरल सोसायटी बिजनौर द्वारा यहां बिजनौर इंटर कॉलेज में मनकबती मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता खुर्शीद मोहसिन जैदी ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज 9 जनवरी को बिजनौर इण्टर कॉलेज बिजनौर में अली डे के उपलक्ष्य में मनकबती मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें शायर हैदर किरतपुरी, सलीम अमरोहवी, खुर्शीद मुजफ्फरनगरी, पंडित भुवन शर्मा, फखरी मेरठी, खुर्शीद अंसारी, शहनशाह बिजनौरी, सज्जाद मौलाई, जुगनू औरंगाबादी, नय्यर जैदी, शफक बिजनौरी, कमर फन्देड़वी, साहिल बिजनौरी, कामरान ताहिर, जौन बिजनौरी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना खुर्शीद अब्बास करेंगे। मुख्य अतिथि मौलाना जावेद आब्दी व विशिष्ट अतिथि सांध्य दैनिक के संपादक डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी होंगे। कार्यक्रम सायं 6 बजे शुरू होगा।

# सक्रिय हैं पशु चोर, चुरा लिये दो और

**चांदपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र में पशु चोरों का गिरोह सक्रिय है। दो और स्थानों से एक भैंस व एक कटिया (भैंस) चोरी कर ली। 15 दिन के भीतर पशु चोरी की यह तीसरी वारदात है।

नगर के मुहल्ला सरायरफी फीना बस्ती निवासी रईस अहमद की एक लाख रुपए कीमत की भैंस घर के अन्दर ही बंधी हुई थी। रात्रि में चोर भैंस चोरी कर ले गये। एक अन्य घटना में पशु चोर क्षेत्र के ग्राम हैजरपुर निवासी छत्रपाल सिंह की घर के अन्दर बंधी कटिया (भैंस) चोरी कर ले गये। मालूम हो कि 21/22 दिसम्बर की रात में भी पशु चोरों ने नगर के हल्दौर रोड से किसान दिलशाद अहमद के घेर में बंधी डेढ़ लाख रुपए कीमत की एक भैंस सहित तीन पशु घेर में कुम्बल लगाकर चोरी कर ले गये थे।

# छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने पर छात्र को स्कूल से निकालकर पीटा

**पैजनिया (चिंगारी)।** हल्दौर थाना क्षेत्र के एक गांव में छात्र द्वारा आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने पर छात्रा के परिजनों ने छात्र को स्कूल से निकालकर सरेआम जमकर उसकी पिटाई की और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। छात्र और छात्रा नाबालिग बताए गए। जानकारी के मुताबिक हल्दौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा गांव के ही प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है, जबकि पड़ोस के एक गांव निवासी गैर समुदाय का छात्र भी उसी स्कूल में पढ़ता है। बुधवार को छात्र ने छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस बात का जब छात्रा के परिजनों को पता चला तो वे आगबबूला हो गये और उन्होंने स्कूल में जाकर छात्र को स्कूल से बाहर निकालकर सरेआम उसे पीटा और पैजनिया पुलिस चौकी में सौंप दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि छात्रा के परिजनों की तहरीर पर आरोपी नाबालिग युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रेमिका ने खाने में ज़हर मिलाया, पति ने पत्नी को खिलाया

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय रामलीला कांशीराम कॉलोनी में एक विवाहिता के ज़हर खाने की घटना सामने आयी है। उसे गंभीर हालत में मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पीड़िता ने अपने पति पर दूसरी महिला के चक्कर में ज़हर देकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। एसडीएम सदर ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़िता के बयान लिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रामलीला कांशीराम कॉलोनी निवासी गुड़िया पत्नी शारिक को बुधवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में दिये बयान में पीड़िता गुड़िया ने बताया कि उसके पति शारिक के कॉलोनी की ही एक अन्य महिला से प्रेम प्रसंग हैं, वह उससे विवाह करना चाहता है। आरोप है कि बुधवार को पति शारिक और उसकी कथित प्रेमिका ने जहरीला खाना बनवाया और उसे (गुड़िया) खिला दिया। खाना खाने के कुछ ही देर बाद गुड़िया की हालत बिगड़ गई। लोगों ने उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और जानकारी ली। देर रात एसडीएम सदर रितु रानी भी अस्पताल पहुंचीं और पीड़िता के बयान दर्ज किए। पीड़िता के परिजनों ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर पति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## हज़रत अली (अ.स.) पर विशेष

# मैं इल्म का शहर हूं, अली उसका दरवाज़ा.. पैगम्बरे इस्लाम

दामादे रसूल, मौलूदे काबा हज़रत अली (अ.स.) इब्ने अबू तालिब हज़ूरे अकरम के सगे चचा ज़ाद भाई जानशीने रसूल और इन्तहाई महबूब दामाद थे। इसके साथ-साथ ही वे एक महान सेनापति, बहादुर, न्यायप्रिय दूरअन्देश, विद्वान, रणनीतिकार और इस्लाम के चौथे खलीफा थे। आपके फज़ायल हदीसों में ब्यान किये गये हैं, जिनको पढ़कर हज़रत अली के मकाम व मरतबे को समझा जा सकता है। आपके तमाम फज़ायलोकमाल के अलावा आपका खाना-ए-काबा में जन्म होना और इन्तकाल मस्जिद में होना अद्वितीय है, जिसकी दुनिया में कोई मिसाल नहीं है।



13 रजब सन् 600 को अबुतालिब के नूरे नज़र और फात्मा बिन्ते असद के लखते जिगर का मुकद्दस खाना-ए-काबा के अन्दर जन्म हुआ, जिसका कोई सानी नहीं। ये शरफ सिर्फ हज़रत अली (अ.स.) को ही हासिल है। हज़रत अली (अ.स.) का जन्म रसूल अल्लाह (स.) के ऐलाने रिसालत से 10 साल पहले हुआ था। हज़रत अली (अ.स.) ही वो पहले शख्स हैं, जिन्होंने इस्लाम कुबूल किया और ईमान लाए। आपकी परवरिश रसूल अल्लाह की देख-रेख में हुयी, जिसके कारण आपका व्यक्तित्व निखरता गया। आपका ताल्लुक कुरैश के कबीले बनी हाशिम से था। आप पैगम्बरे इस्लाम के हमेशा शाना-ब-शाना रहे। तबलीग-ए-इस्लाम की वजह से मक्का में बहुत से लोग आपके खिलाफ हो गये, मगर आपने कभी पैगम्बरे इस्लाम का साथ नहीं छोड़ा चाहे तबलीग हो या जंग।

मजहब-ए-इस्लाम के मानने वाले हर फिरके के लोग हज़रत अली (अ.स.) को चौथा खलीफा, विद्वान, बहादुर, शरीयत के पाबन्द के रूप में स्वीकार करते हैं। इसके साथ-साथ हज़रत अली (अ.स.) अपने समय की एक अज़ीम शख्सीयत थे, उस समय हज़रत अली (अ.स.) से विद्वान व्यक्ति कोई नहीं था, जिसकी गूंज पूरा अरब महसूस करता था, उनकी विद्वता का आलम ये था कि पैगम्बर-ए-इस्लाम ने खुद कहा था कि **'मैं इल्म का शहर हूं और अली उसका दरवाजा।'** उन्होंने एक मौके पर खुद कहा था कि ऐ दुनिया वालों इससे पहले कि मैं तुम्हारे बीच से चला जाऊं, जो किसी भी बारे में पूछना है पूछ लो। अगर इन्सानी फजायल (विशेषताओं) पर नज़र डालें तो हज़रत अली (अ.स.) का कोई सानी नहीं मिलता। आपकी विद्वता, बहादुरी, इस्लाम के लिये सम्पूर्ण समर्पण, न्याय प्रियता, सादगी, मेहनती, रणनीतिकार, कुशल नेतृत्व और वफादारी आदि विशेषताओं के कारण ही पैगम्बर-ए-इस्लाम मौहम्मद मुस्तफा (अ.स.) ने उन्हें अपनी सबसे प्रिय पुत्री जिसकी वे स्वयं बहुत इज्जत करते थे, के लिये योग्य वर के रूप में चुना और उस समय के तमाम उमराह पैगम्बरे इस्लाम के घर में शादी के इच्छुक थे, के रिश्तों को इन्कार कर दिया और ये कहा कि खुदा ने इस रिश्ते को मंजूर किया है।

हज़रत अली की बहादुरी, रणकौशल नीतिकार इस्लाम के प्रति वफादारी के कारण ही पैगम्बर-ए-इस्लाम ने उन्हें इस्लामी सेना का सेनापति नियुक्त किया, जिसको उन्होंने हर मौके पर अपनी बहादुरी और कुशल नेतृत्व से साबित भी किया। इस्लाम के लिये लड़ी जाने वाली बड़ी जंगों का नेतृत्व किया, जिनमें जंगे ओहद जंगे बद्र, जंगे खैबर और जंगे सिफ्फीन में आपने अपनी बेमिसाल बहादुरी के अजीमुशान कारनामे अन्जाम दिये। हज़रत अली (अ.स.) को उनकी बहादुरी की वजह से ही असदउल्लाह के लकब से ही नवाजा गया, जिसका मतलब अल्लाह का शेर। अपनी तमाम विशेषताओं लगन और इस्लाम के प्रति आपके अटूट विश्वास शान व बहादुरी को देखते हुए पैगम्बर-ए-इस्लाम ने हज से वापसी पर गदीरेखुम में हजारों मुसलमानों के बीच में इरशाद फरमाया। **'मिनकुन्तो मौला फहाज़ा अली उन मौला यानी जिसका मैं मौला उसका अली मौला'**

हज़रत अली (अ.स.) ने अपनी खिलाफत के दौर में हुकूमत को इस्लामी उसूलों एवं सुन्नते रसूल की रोशनी में चलाया। आपकी दौरे खिलाफत से पहले ही उम्मते मुस्लिमा फिरको में बट चुकी थी। इस मसले को हल करने के लिए और सभी को शरीयत के रास्ते पर चलने और रसूलेपाक की सुन्नतों पर अमल करने के लिये दर्स दिये और काफी जद्दोजहद की लेकिन हालात बिगड़ते गये और जो लोग इस्लामी कानून के साथ चलने के लिये तैयार नहीं थे, उन लोगों ने जनता को बरगलाया, जिसकी वजह से बहुत से लोग आपके दुश्मन हो गये और जो लोग हज़रत अली (अ.स.) से जंगों में हार चुके थे वो भी एक हो गये और आप को रास्ते से हटाने के षड्यन्त्र करने लगे। रोज़मर्रा की तरह 19 रमाज़ान को हज़रत अली (अ.स.) मस्जिदे कूफा में सुबह की नमाज अदा करने तशरीफ ले गये और नमाज़ अदा कर रहे थे और जैसे ही आप सजदे में गये तो नमाज़ी के भेस में मस्जिद में पहले से ही अब्दुल रहमान बिन मुल्जिम ने तलवार से हज़रत अली (अ.स.) पर वार कर दिया।



जिससे आप गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा दो दिन तकलीफ में रहने के बाद 21 रमज़ान को आप की शाहदत हो गयी। आप को नजफ-ए-अशरफ में दफनाया गया। मज़हबे इस्लाम को फैलाने में हज़रत अली (अ.स.) ने बड़ी जाफिशानी, बहादुरी, ईमानदारी और लगन से अपनी पूरी जिन्दगी लगा दी, जिसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। हज़रत अली (अ.स.) को तमाम आलये इस्लाम में बहुत अदब और एहतराम से याद किया जाता है और उनकी मिसाली शख्सियत से सबक लेकर इन्सान एक कामयाब इन्सान बनने की कोशिश करता है। पैगम्बरे इस्लाम पर जब कभी भी कोई वक्त आया तो हज़रत अली (अ.स.) कभी पीछे नहीं हटे। पैगम्बरे इस्लाम ने हज़रत अली (अ.स.) से कहा कि तुम्हें आज की रात मेरे बिस्तर पर सोना है, क्योंकि मुझे हुक्म-ए-इलाही है कि मैं मक्का छोड़ दूं, क्योंकि लोग मेरे जानीदुश्मन हैं और मुझे कत्ल करना चाहते हैं। पैगम्बर-ए-इस्लाम का मक्के से हिजरत करने से ही हिजरी कलैन्डर की शुरूआत हुई। यह जून सन् 622 ई. की घटना है। हज़रत अली (अ.स.) ने यह जानते हुए की इसमें उनकी जान भी जा सकती है, कोई उज्ज न किया और आप यह अच्छी तरह जानते थे कि पैगम्बर-ए-इस्लाम के बिस्तर में दुश्मनाने इस्लाम उन पर कातिलाना हमला कर सकते हैं, वो बेझिझक रसूल के बिस्तर पर सोये और लोगों को लगा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम मक्का छोड़कर मदीने नहीं गये। यह ईमान में विश्वास और कुर्बानी और भरोसे की एक मिसाल थी, जिसने आगे चलकर इस्लाम की बुनियाद को मज़बूत किया।

हज़रत अली (अ.स.) के बाद हज़रत अली (अ.स.) के दोनों बेटों और बेटियों ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिये ऐसी कुर्बानी दी, जो आज तक याद की जाती है। हज़रत अली (अ.स.) के बाद भी उनके दुश्मन जो दीन-ए-इस्लाम के खिलाफ थे, ने उनके बेटे इमाम हुसैन को तीन दिन तक भूखा-प्यासा रखकर कर्बला के मैदान में कत्ल कर दिया और इसी तरह उनके बड़े बेटे हसन इब्ने अली को भी ज़हर देकर शहीद कर दिया था। हज़रत अली (अ.स.) की शख्सीयत आलमे इस्लाम में एक नुमाया शख्सीयत है, जिसकी कोई मिसाल नहीं है और उनका मर्तवा बहुत आला है, जिसे हमेशा दुनिया याद रखेगी।

**अली का मर्तबा अल्लाहहुअकबर, खुदा ने तेग दी अहमद ने दुख्तर। अली पैदा हुए काबे के अन्दर, शाहदत मस्जिदे कूफा के अन्दर।।**

-खुर्शीद मोहसिन ज़ैदी
एडवोकेट
मो. 9412013786

## कविता

## गौ माता की आवाज़



रो-रो कहे गइया बेचारी,
मौन हुए हैं सत्ताधारी।
खाने को नहीं चारा है ,
सिस्टम ही हत्यारा है ।।
खुल्लमखुल्ला है घोटाला,
है विपक्ष के मुंह पर ताला।।
कुर्सी सत्ता का रह गया खेल,
योगी बाबा हो गये फेल।।
कहां हैं वो मंत्री प्रभारी,
आकर देखी ना लाचारी ।।
है प्रशासन भी चुप्पी साधे,
बंटते सब में आधे-आधे।।
गौसेवा का करते शोर,
चारा खा गये चंदाचोर।।
तड़प-तड़प कर मरतीं हम,
भविष्यवाणी अब करतीं हम।।
भगवान भी नहीं करेंगे माफ,
जल्दी ही होगा पत्ता साफ।।



-अश्मनी विश्नोई
'अकेला'

# ट्रंप को 'खुश' करने की आवश्यकता नहीं

# मुंहतोड़ जवाब दें मोदी

**धामपुर ( चिंगारी )। 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जानते हैं कि मैं उनसे खुश नहीं हूं और मुझे खुश करना जरूरी है। अगर भारत, रूस से तेल की खरीद जारी रखता है तो उस पर टैरिफ बढ़ाया जा सकता है। यह भारत के लिए बुरा होगा।'**

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को दी गई इस धमकी के बाबजूद क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करना जरूरी है। इस बारे में नगर के बुद्धिजीवियों ने अपनी-अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा।**




## डोनाल्ड ट्रंप को खुश करने की आवश्यकता नहीं



धामपुर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत को रूस से तेल खरीदने को लेकर चेतावनी देना अनुचित और एकतरफा दबाव की राजनीति का उदाहरण है। भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और उसे अपने राष्ट्रीय हित, ऊर्जा, सुरक्षा और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखकर निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसी भी विदेशी नेता को 'खुश' करने की आवश्यकता नहीं है। भारत को मित्रता और सहयोग चाहिए, दबाव और धमकी नहीं।

## अमेरिका की वस्तुओं का बहिष्कार होना चाहिए



अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष मास्टर फरीदुरहमान का कहना है कि किसी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गए वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आवास से घसीटकर ले जाना यह दर्शाता है कि अमेरिका किसी अंतर्राष्ट्रीय कानून और इंसानियत को नहीं मानता। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को ऐसी चेतावनी देकर अपनी मंशा साफ कर दी है, अब भारत को अपनी राजनीतिक सूझबूझ से इसका जवाब देना चाहिए। चीन, रूस और उनके साथी देशों से परामर्श कर अमेरिका पर प्रतिबंध लगाया जाये, उसके हथियार, तेल और दूसरी वस्तुओं की खरीदारी सारी दुनिया में प्रतिबंधित होनी चाहिए।

## ट्रंप की धमकी की चिंता न करे भारत



सर्वब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बार-बार चेतावनी देना अत्यधिक शर्मनाक है। जिन सिद्धांतों पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प चल रहे हैं, वह सरासर गलत है। अमेरिका की यह दादागीरी ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकी की परवाह न करते हुए देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी को ट्रम्प की चिंता नहीं करनी चाहिए।



## आपके अनुसार..

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आवास से बलपूर्वक उठा लाने के घटनाक्रम के बीच रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत को फिर चेतावनी दी है। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है, 'पीएम मोदी जानते थे कि मैं भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर खुश नहीं हूं। मुझे खुश करना जरूरी है। अगर भारत रूसी तेल की खरीद जारी रखता है, तो उस पर टैरिफ बढ़ाये जा सकते हैं। यह भारत के लिये बहुत बुरा होगा।'

**आपके अनुसार क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिये अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को खुश करना जरूरी है?**

**अपनी राय हमें लिखकर भेजिये।**

मो. 9927500701 पर व्हाट्सएप करें या dainikchingari@gmail.com पर Email भेजें।

**-संपादक**

## प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप की बातों का विरोध क्यों नहीं करते?



नगर के जाने-माने बाल रोग चिकित्सक डॉक्टर कमाल अहमद का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप डिक्टेटर के तौर पर काम कर रहे हैं, जहां मर्जी होती है वहां पर हमला करके किसी भी देश के अंदर कब्ज़ा कर लेते हैं। या देश के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर लेते हैं या उस देश पर कब्जा कर लेते हैं। किसी भी देश के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझ में नहीं आता कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्यों उनकी किसी बात का विरोध नहीं करते हैं। क्या वह उनसे डरते हैं या कोई ऐसी बात है, जिससे वह दबाव में हैं। **प्रस्तुति : मनोज कात्यायन**

# सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं




**श्री महीपाल सिंह का स्वागत करते हुए ईओ श्री कृष्ण मुरारी।**

**शेरकोट ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश एस.सी- एस.टी.आयोग के सदस्य महिपाल सिंह ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी से जानकारी कर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिये। बृहस्पतिवार को महिपाल सिंह नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और पालिका सभागार में सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर सरकारी योजनाओं के मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनता को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी से अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने, उनके सामाजिक उत्थान व जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। नगर पालिका पहुंचने पर ईओ कृष्ण मुरारी द्वारा महिपाल सिंह का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. अनुराज अहुजा, लिपिक मौ. ताहिर, फहीम अहमद, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# गन्ना क्रय केंद्र और धर्म कांटे की तौल में अंतर मिलने पर किसानों ने तौल करा दी बंद



**शेरकोट ( चिंगारी )।** ग्राम घोसियावाला के निकट स्थित गन्ना क्रय केंद्र और धर्मकांटे की तौल में अंतर पाये जाने से आक्रोशित किसानों ने हंगामा करते हुए तौल बंद कर दी। मामले का पता लगने पर पहुंचे गन्ना समिति के सचिव और मिल अधिकारियों के समझाने पर किसानों ने तीन घंटे बाद तौल कार्य शुरू दिया। घटतौली रोकने के उद्देश्य से क्षेत्र में घूम रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैट के कार्यकर्ता जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार के नेतृत्व में बृहस्पतिवार की दोपहर घोसियावाला के निकट स्थित गन्ना सेंटर पर पहुंचे और सेंटर पर तुल चुकी गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को धर्मकांटे पर तुलवाया, जिसमें घटतौली पाये जाने से क्षेत्रीय किसानों में रोष व्याप्त हो गया और उन्होंने तौल बंद कर हंगामा शुरू कर दिया। तौल बंद होने से गन्ना भरे वाहनों की लम्बी कतार लग गई। किसान नेता अशोक कुमार ने बताया कि क्रय केंद्र के कांटे में 35 किलो का अंतर पाया गया है। उन्होंने कहा कि मौके पर आये अधिकारियों ने कमी को शीघ्र ठीक कराने का आश्वासन दिया गया है। मामले की सूचना पर गन्ना समिति के सचिव विनोद कुमार और मिल अधिकारी मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। उनके समझाने पर देर शाम तौल का कार्य शुरू हो गया। मनोज कुमार ने बताया कि सेंटर का कांटा बिल्कुल ठीक है। कुछ गलतफहमी होने से किसानों ने तौल बंद कर दी थी, जो समझाने पर शुरू हो गई है। इस मौके पर किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष कविराज सिंह, योगेंद्र कुमार, रूपेश चौहान, धीरज सिंह, देवेंद्र सिंह, रिंकू चौहान, मौ. सुलेमान, महावीर सिंह, रामअवतार सिंह, बलवंत सिंह, ऋषिपाल सिंह, राजवीर सिंह, जयप्रकाश सिंह आदि किसान और किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चंद्रशेखर की नीतियों से प्रभावित होकर काफी लोगों ने ली आजाद समाज पार्टी की सदस्यता

## खुर्शीद मंसूरी को विधायक चुनकर भेजने का निर्णय




नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मोटाआम स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने नगीना सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि जिस प्रकार चंद्रशेखर आजाद लगातार मुस्लिमों, दलितों, पिछड़ों एवं मजलूम वर्गों की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं, उससे जनता में नया विश्वास पैदा हुआ है। लोगों ने यह भी कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में वे चंद्रशेखर आजाद के हाथों को और मजबूत करेंगे। बैठक में डॉ. नसीम ने कहा कि साहनपुर चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी जिस निष्ठा व ईमानदारी से जनता के कार्य कर रहे हैं, यदि पार्टी नेतृत्व उन पर भरोसा जताता है तो नजीबाबाद की जनता उन्हें वर्ष 2027 में विधायक चुनकर विधानसभा भेजेगी। हाजी गफ्फार कुरैशी की सदारत एवं कसीम एडवोकेट की निजामत में आयोजित कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष सुल्तान कुरैशी, नईम अहमद, बदरूद्दीन, डॉ. नसीम, असलम, रिजवान, डॉ. रईस, अख्तर, इंतजार, साबू, शोएब, शहजाद आदि मौजूद रहे।

# शिवम के आईआईटी में रिसर्च के लिए चयनित होने पर खुशी



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम बेरमपुर निवासी मनोज कुमार के होनहार पुत्र शिवम राजपूत का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी में रिसर्च के लिए हुआ है। शिवम ने शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2019 में दसवीं कक्षा में टॉपर बनकर शिवम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद एमडीएस कॉलेज नजीबाबाद से 2021 में इंटर कक्षा में भी टॉप कर उसने सफलता की कड़ी को आगे बढ़ाया। इंटर के बाद शिवम ने हरियाणा सरकार के इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई पूरी की, जो निरंतर परिश्रम, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है। उनका चयन आईआईटी में रिसर्च के लिए हुआ है, जो किसी भी छात्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। शिवम की इस बड़ी सफलता पर गांव, परिवार, शिक्षकों व शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विधायक डॉ. नीरज बोरा को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर से विधायक डॉ. नीरज बोरा को उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ. नीरज बोरा किसानों, व्यापारियों, युवाओं व आम जनता की समस्याओं को विधानसभा में मजबूती से उठते रहे हैं। उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि बहुत मजबूत है, क्षेत्र ही नहीं संपूर्ण उत्तर प्रदेश में उनका जनाधार व्यापक है। इसलिए उन्हें मंत्रिमंडल में सुनिश्चित ही महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए।

# किन्नरों के दो गुटों में चल रहा विवाद और गहराया

## हाजी रानी किन्नर ने कहा- किन्नर समाज में धर्म-बिरादरियों की कोई जगह नहीं


हाजी रानी किन्नर गुट


मुस्कान चौधरी किन्नर गुट

बिजनौर (चिंगारी)। जिले में क्षेत्र व गद्दी के अधिकार को लेकर किन्नरों के दो गुटों के बीच चल रहा विवाद गहराता जा रहा है। दोनों गुट एक-दूसरे पर धमकाने का आरोप लगा रहे हैं। झालू में रह रहे किन्नरों ने तो बिजनौर के किन्नरों पर धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास तक का आरोप लगा दिया। दोनों गुटों ने प्रेस कांफ्रेंस कर एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाये हैं। कल गुरुवार को झालू के किन्नर मुस्कान चौधरी व शबनम ने प्रेस कांफ्रेंस कर बिजनौर में रह रहे किन्नरों हाजी रानी उर्फ लियाकत व लता किन्नर उर्फ तहसीन पर गुण्डागर्दी के बल पर क्षेत्र कब्जाने व धर्म परिवर्तन का जोर डालने के गंभीर आरोप लगाये थे। आज शुक्रवार को बिजनौर के किन्नर हाजी रानी व लता उर्फ तहसीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झालू के किन्नरों के सभी आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि मुस्कान चौधरी व उनके साथियों द्वारा उन पर परेशान करने, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने और गद्दी छोड़ने की धमकी देने जैसे आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने इसे किन्नर समाज को बदनाम करने और किन्नरों की एकता को तोड़ने की साजिश बताया।

रानी और लता ने सवाल किया कि जब मुस्कान और उनके साथी उनके साथ रहते ही नहीं हैं, तो धर्म परिवर्तन कराने का आरोप कैसे लगाया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्कान चौधरी गुट के सलीम व अब्बास जैसे लोग किन्नर समाज में रंजिश बढ़ा रहे हैं। वे लोगों को उकसाकर किसी बड़ी घटना को अंजाम दिलाने की कोशिश कर रहे हैं।

हाजी रानी किन्नर ने झालू के कुछ किन्नरों पर राम के चौराहे पर दुकान कब्जाने व मोहल्ला जाटान में एक व्यक्ति की पत्नी को जहर देने के मामले में फंसाने के भी आरोप लगाए। रानी ने कहा कि उनका समाज सभी धर्मों और बिरादरियों का सम्मान करता है। यदि कोई हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा उठाकर समाज को बांटने की कोशिश करता है, तो समाज की ओर से उस पर भारी जुर्माना लगाया जाता है।

रानी किन्नर ने कहा कि समाज ने ऐसे लोगों का बहिष्कार कर रखा है। ऐसे लोग किन्नर समाज के किसी भी सम्मेलन या कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकते। उन्होंने झालू के कुछ किन्नरों को अपराधी प्रवृत्ति का बताते हुए कहा कि ये लोग डरा-धमका कर ही काम करते हैं।

रानी व लता किन्नर ने पुलिस प्रशासन से अपील की कि दोनों पक्षों की शिकायतों की गहन और निष्पक्षता से जांच कराकर सच्चाई सामने लाई जाए। आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुस्कान, तब्बू, सोनम, जोया व सानिया सहित

## गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद पर सामूहिक साधना



**नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में सामूहिक साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबको सद्बुद्धि, सबके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सवालक्ष गायत्री महामंत्र का जप संपन्न किया गया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि सामूहिक साधना में बहुत शक्ति है, मनुष्य का दृष्टिकोण उन्नत, उच्च स्तरीय एवं उत्कृष्ट करने के लिए जप किया जाता है। जप व ध्यान आत्मिक प्रगति के दो महत्वपूर्ण माध्यम है। सामूहिक साधना परम आनंद का द्वार है। तनाव रहित जीवन जीने के लिए प्रतिदिन कुछ समय जप व ध्यान करना चाहिए। मुन्नू सिंह, महेश चंद्र, मंगू सिंह, एचपी गुप्ता, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, आशा गुप्ता आदि ने सामूहिक जप में भाग लिया। गायत्री यज्ञ में सवालक्ष गायत्री मंत्र जप की पूर्णाहुति की गई।**

## सूचना

**पहले मेरा नाम ZAQEER HUSAIN था, अब मैंने अपना नाम बदलकर MOHD ZAKIR रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना पहचाना जाये।**

**MOHD. ZAKIR**
**S/O MOHAMMAD YUSUF**
**MOHLLA MUNEERGANJ,**
**NAJIBABAD TEHSIL NAJIBABAD,**
**DISTRICT- BIJNOR**

# सऊदी अरब में आलामी मुशायरे पढ़कर लौटे ताहिर सऊद का बिजनौर में शानदार इस्तकबाल




बिजनौर (चिंगारी)। सऊदी अरब में कई कामयाब मुशायरे पढ़ने के बाद वतन लौटे मशहूर शायर ताहिर सऊद का यहां मोहल्ला क़ाज़ीपाड़ा में पत्रकार परवेज़ अक़ील के आवास पर शानदार इसतक़बाल किया गया। इस अवसर पर उनके सम्मान में हुए मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम से समां बांध दिया।

किरतपुर निवासी ताहिर सऊद पिछले दिनों सऊदी अरब गये थे। वहां उन्होंने कई कामयाब आलमी मुशायरे पढ़कर ज़िले का नाम रोशन किया। वतन वापसी पर यहां मोहल्ला क़ाज़ीपाड़ा में पत्रकार परवेज़ अक़ील ने उनके इस्तक़बाल में शानदार प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम में ताहिर सऊद को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीनियर शायर शनावर किरतपुरी की अध्यक्षता व नौजवान शायर मैराज बिजनौरी के संचालन में मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे में सामईन ने ताहिर सऊद को जमकर सुना। उन्होंने एक के बाद एक कई ग़ज़लें सुनाकर खूब दाद बटोरी। मुशायरे में शनावर किरतपुरी, अमीर नहटौरी, आफताब नौमानी, आरिफ गांधी, रिहान कातिब, कमर अख्तर जसपुरी, बहार आलम बहार, मैराज बिजनौरी, मरग़ूब रहमानी, श्रीमती ज़हीन गुल, ज़ाहिर बिजनौरी आदि ने अपना कलाम सुनाकर समां बांध दिया। अंत में परवेज़ अक़ील व मुशायरा कमेटी के पदाधिकारी पत्रकार मुशब्बर हुसैन, अरबाब रहमानी, मिन्हाज अंसारी, मुहम्मद आबिद खान साहब ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# बस अड्डा निर्माण की मांग को लेकर, उक्रांद ने गहरा रोष जताया धरना देकर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल की कोटद्वार इकाई ने लंबे समय से मोटर नगर बस अड्डा निर्माण न होने पर रोष व्यक्त करते हुए निर्माण स्थल पर धरना दिया। कहा कि मोटर नगर बस अड्डा निर्माण कार्य अब तक आरंभ न होना समझ से परे है।

इस अवसर पर दल के संरक्षक डॉक्टर शक्ति शैल कपरवाण ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस की विकास विरोधी नीतियों के कारण कोटद्वार का विकास नहीं हो सका। अब तक मोटर नगर बस अड्डा निर्माण कार्य आरंभ हो जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह रावत ने मोटर नगर बस अड्डा निर्माण में लेट लतीफी के लिए स्थानीय विधायकों और सांसदों को दोषी बताया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और ठेकेदार की मित्रता को निगम के लिए घातक बताया। महानगर अध्यक्ष जगदीपक




सिंह रावत ने चेतावनी देते हुए कहा कि मोटर नगर बस अड्डे का निर्माण शीघ्र आरंभ न किये जाने की स्थिति में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जायेगा। धरना स्थल पर वरिष्ठ नेता प्रवेश चंद्र नवानी, सत्यपाल सिंह नेगी, हरीश द्विवेदी, भारत मोहन काला, पुष्कर सिंह रावत, पंकज उनियाल, अशोक कण्डारी, सतपाल नेगी, प्रदीप नेगी, विनोद चौधरी, दीपक, हरेंद्र रावत, विनोद सिंह ,दिनेश सिंह, नरेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

## विद्यालयों में समय परिवर्तन रास नहीं आया राजकीय शिक्षक संघ ने रोष जताया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा राज्य के सरकारी विद्यालय के समय सारिणी में किये गये परिवर्तन पर राजकीय शिक्षक संघ ने नाराजगी व्यक्त की है। गुरूवार को यहां जारी बयान में संघ के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष जयदीप रावत व मंडल मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां विषम है, साथ ही मौसम अनुकूल न होने व छात्र कई किलोमीटर पैदल दूरी तय करके विद्यालय में पहुंचते हैं। ऐसे में परिषद द्वारा विद्यालयों के समय सारिणी में परिवर्तन पर लिया गया निर्णय किसी भी दिशा में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के हित में नहीं है। मंडल मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि बंद कमरों में बैठकर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर फैसले नहीं लिये जा सकते, इसके लिए शिक्षकों व संगठनों की राय ली जानी चाहिए। कहा कि पूर्व में इस तरह के निर्णय लेने से पहले संगठनों को विश्वास में लिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। चेतावनी दी कि विभाग द्वारा इस तरह के एक तरफा फैसले को लागू किये जाते हैं, तो समस्त सात जनपदों के शिक्षक प्रतिनिधियों को साथ लेकर विरोध दर्ज किया जाएगा।

## पहले पंचायत घर में की सफाई फिर सड़कों पर झाड़ू चलाई

**लालढांग ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री के निर्देश के पालन में गुरुवार को लालढांग न्याय पंचायत क्षेत्र के ग्राम लाहरपुर में स्थानीय लोगों के सौजन्य से स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम लाहरपुर पंचायत भवन के प्रांगण में सफाई अभियान चलाकर



पंचायत भवन में कूड़ा करकट आदि साफ कर सफाई अभियान की टीम द्वारा गांव की सड़कों व गलियों में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को साफ सफाई व स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर अभियान चलाने वालों में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील सैनी व प्रीतम सैनी, सुशील सैनी, लक्ष्मण सैनी, हिरदेन सैनी, विजय सैनी संजीव सैनी, ऋषिराम आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## गढ़वाल हीरोज व मेरठ की टीमें पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही स्व. शशिधर भट्ट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता गढ़वाल कप के चौथे दिन बुधवार को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गढ़वाल हीरोज ने एक तरफा मुकाबले में खालसा वॉरियर्स पंजाब को 3-0 से हरा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले पर मैच 1-1 की बराबरी पर रहा जिससे मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट से हुआ। पेनाल्टी शूट आउट में मेरठ स्पोर्टिंग ने वैलोसिटी चंडीगढ़ को 4-2 के अंतर से हरा सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैचों में प्रकाश, प्रदीप, सुमित, शिवा, ऋतिक, सुजल जोशी और इंदर सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ रासेयो शिविर हुआ समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल की रासेयो इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का गुरूवार को समापन हो गया है। समापन समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राज गौरव नौटियाल व प्रदेश संयोजक शांता बमराडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पचात छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्यगीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने छात्रों से रासेयो के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने सहित राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्षों के इतिहास पर जानकारी दी। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## रासेयो शिविर में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी पुरस्कृत किये गये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय इंटर कालेज सुखरौ के रासेयो शिविर का गुरूवार को समापन हो गया है। इस दौरान स्वयं सेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। समापन समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि समाज सेवी महेंद्र अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य सुनील मधवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने रासेयो स्वयंसेवियों से शिविर में की गई गतिविधियों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते हुए उन्हें जीवन में आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यक्रम अधिकारी संदीप बिष्ट ने शिविर में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

## उत्तराखण्ड बार कौंसिल के सदस्य पद के लिए अजय पंत ने दाखिल किया नामांकन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन कोटद्वार अजय कुमार पंत द्वारा नैनीताल में नामांकन दाखिल किया गया। इस अवसर पर कोटद्वार के तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। बार कौंसिल ऑफ़ उत्तराखंड के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें 3 जनवरी से 9 जनवरी तक नामांकन की तिथि रखी गई है तथा 17 फरवरी को मतदान होगा। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के चुनाव 7 साल बाद हो रहे है। पूरे प्रदेश से अधिवक्तागण अपने मत का प्रयोग कर 25 सदस्य चुनेंगे और सदस्य बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड का अध्यक्ष बनायेंगे। 7 वर्षों बाद चुनाव हो रहा है जिससे सभी अधिवक्ताओं में उत्साह बना है। सभी


अजय कुमार पंत

अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर कोटद्वार बार एसोसिएशन के कई बार अध्यक्ष रहे अजय कुमार पंत को एक स्वर में जिताने का संकल्प लिया। नामांकन के अवसर पर पंत जी ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के हर संभव प्रयास किये जाएंगे एवं अधिवक्ताओं के हित के लिए सदैव खड़े रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ध्यान सिंह नेगी, बृजमोहन चौहान, जसबीर राणा, प्रवेश रावत, सुनील डोबरियाल, अमृतांशु बर्थवाल, सुनील खत्री, रविन्द्र जजेड़ी, शशिकांत बलूनी, पुष्पेंद्र सिंह, प्रिंस भाटिया, सागर बिष्ट, सोहन सिंह, नवीन आर्य, मुकेश कबटीयाल, राकेश कर्णवाल, अखिलेश घोल्डियाल, ललित पटवाल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## भेषज संघ ने शिविर लगाकर जड़ी-बूटियों की जानकारी दी



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** उद्यान विभाग की भेषज विकास इकाई एवं भेषज संघ द्वारा बहादराबाद विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सजनपुर पीली में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में कृषकों को जड़ी बूटियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में जिला भेषज समन्वयक राजीव कुमार ने बताया कि जड़ी बूटी प्रजातियों चन्दन, आंवला अश्वगंधा आदि के कृषिकरण वृक्षारोपण से संबंधित कृषकों को खेती की जानकारी देकर आर्थिकी में वृद्धि, विपणन आदि की समुचित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों को इस प्रकार की खेती करने से जीवन शैली में भी अच्छा सुधार आएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामप्रधान रूबी देवी, सुनील पाल, प्रदीप सैनी, यशपाल सिंह, विभागीय अधिकारी राजीव कुमार, सचिव रणधीर गिरि, श्रीमती सीता, कपिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता पर जगी राहत की उम्मीद

## टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की मुहिम ला रही रंग

### वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों का 16 जनवरी तक देना होगा ब्यौरा

**बिजनौर (चिंगारी)।** टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शुरु किए गए आंदोलन की मुहिम अब रंग लाने लगी है। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डा. दिनेशचंद शर्मा के नेतृत्व में चरणबद्ध चले आंदोलन से शिक्षकों को अब राहत मिलने की उम्मीद जग गई है। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों का ब्यौरा 16 जनवरी तक मांगा है।



राजेंद्र कुमार।

1 सितम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के आए आदेश ने परिषदीय विद्यालयों के सभी शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा को अनिवार्य कर दिया गया। इस फैसले से प्रदेश के करीब 1.86 शिक्षक असहज हो गए। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं था। शिक्षकों ने नौकरी बचाने के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद्र शर्मा के नेतृत्व में आंदोलन का बिगुल बजा दिया। उन्होंने देश भर के शिक्षक संगठनों को जोड़ने का काम किया तथा टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का भी गठन कर दिया। चरणबद्ध शुरु किए गए आंदोलन की आज धमक दिखाई देनी शुरू हो गई है। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री के सामने शिक्षकों की समस्याओं को रखा था। टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में तमाम याचिकाएं भी सुप्रीम कोर्ट में डाली जा चुकी हैं। केंद्रीय मंत्रालय द्वारा ऐसे शिक्षकों की संख्या कि सूचना मांगी गई है, जो 2011 पहले से नियुक्ति पाए हैं तथा टीईटी उत्तीर्ण नहीं है। यह सूचना 16 जनवरी तक देने के निर्देश दिए गए हैं। सूचना मांगे जाने से शिक्षकों के आंदोलन की मुहिम रंग लाती दिखाई दे रही है। शिक्षक संगठनों द्वारा प्रदेश के तमाम जनप्रतिनिधियों को भी मांग-पत्र सौंपकर टीईटी की अनिवार्यता पर विरोध जताया।

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में इस प्रकार से आंदोलन चला

**एक सितंबर 2025 को टीईटी की अनिवार्यता का आदेश सुप्रीम कोर्ट से आया**

**टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने 5 सितंबर को शिक्षक दिवस नहीं मनाया।**

**6 सितम्बर को ट्यूटर पर शिक्षकों ने एक ट्यूटर पर विरुद्ध में अभियान चलाया**

**9 सितम्बर को प्रदेश भर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला स्तर पर संयुक्त बैठकआयोजित की गई**

**16 सितम्बर को देश के प्रधानमंत्री के नाम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मांग-पत्र भेजें गए**

**22 सितम्बर 2025 जनप्रतिनिधि लोगों को मांग-पत्र सौंप गए**

**3 नवंबर को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ। शिक्षक एक्टिव हो गए। दिल्ली पहुंचकर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को मांग-पत्र सौंपे।**

**शिक्षक संग द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन की मुहिम अब रंग लाती दिखाई दे रही है। संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।**






### नववर्ष में आईटीआई अनुदेशकों को मिला प्रमोशन का तोहफा

**बिजनौर (चिंगारी)। वर्ष 2026 राजकीय आईटीआई बिजनौर के अनुदेशकों के लिए वरदान बनकर आया वर्ष के प्रारंभ में ही राजकीय आईटीआई बिजनौर में कार्यरत चार अनुदेशकों की पदोन्नति अनुदेशक से फोरमैन के पद पर की गई है। इतनी बड़ी संख्या में एक संस्थान से इतने अधिक प्रमोशन पहली बार हुए हैं, इससे आईटीआई अनुदेशकों में प्रसन्नता की लहर है। पदोन्नत अनुदेशक कुलदीप कुमार ज़ख्मोला, कामता प्रसाद, अबरार हुसैन एवं अशोक कुमार को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।**



### एसडीएम ने बीएलओ को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के आचार्य आर.एन.केला इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 251, 252, 253 व 254 पर सभी बूथ लेबल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा एसआईआर के बाद आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सभी बूथ लेबल अधिकारी की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। एसडीएम द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में आगामी माह में दावे-आपत्तियों व नए मतदाता के फॉर्म, संशोधन एवं स्थानांतरण फॉर्म को भरने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आचार्य आर.एन.केला इंटर कॉलेज नजीबाबाद मतदाता केंद्र में आमिर अली (बीएलओ), गुलिस्तान अहमद सैफी, बृजेश कुमार आदि के साथ कॉलेज का समस्त स्टाफ व मतदाता उपस्थित रहे।


**आवश्यकता है**

मण्डावर में जनसेवा केंद्र पर कार्य करने हेतु एक कुशल युवती की आवश्यकता है, जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो।

सम्पर्क करें-

मो. 7017804220

